दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 ‖ Email :- nyaysakshi@gmail.com ‖ रायगढ़, रविवार 20 जनवरी 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-01, अंक-112

## कन्हैया के खिलाफ चार्जशीट पर कोर्ट ने लगाई पुलिस को फटकार

**जेएनयू नारेबाजी**



नईदिल्ली (आरएनएस)। जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार सहित 10 छात्रों के खिलाफ कथित देशद्रोह के मामले में दिल्ली की अदालत ने पुलिस को फटकार लगाई है. कोर्ट ने पुलिस से दिल्ली सरकार से मंजूरी लिए बिना चार्जशीट दायर करने पर सवाल खड़े किए.

इस मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा, आपके पास लीगल डिपार्टमेंट की मंजूरी नहीं है. आपने सरकार की अनुमति के बिना चार्जशीट कैसे दाखिल कर दी. इस पर दिल्ली पुलिस ने बताया कि 10 दिन के अंदर दिल्ली सरकार से चार्जशीट के लिए जरूरी मंजूरी मिल जाएगी.

दरअसल देशद्रोह के मामले में सीआरपीसी के सेक्शन 196 के तहत जब तक सरकार मंजूरी नहीं दे देती, तब तक कोर्ट चार्जशीट पर संज्ञान नहीं ले सकता.

दरअसल दिल्ली पुलिस ने यहां पटियाला हाउस कोर्ट में जेएनयू छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार और अन्य के खिलाफ 1200 पन्नों का आरोपपत्र दाखिल करते हुए कहा कि वह परिसर में एक कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे थे और उन पर फरवरी 2016 में यूनिवर्सिटी कैंपस में देश विरोधी नारों का समर्थन करने का आरोप है.

## मां से मिले पीएम मोदी, आधे घंटे तक हुई बातचीत

गांधीनगर (आरएनएस)। गुजरात दौरे पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सुबह अपनी मां से मुलाकात की है. गांधीनगर में मोदी अपनी मां हीरा बेन से मिले. पीएम मोदी सुबह नौ बजकर चार मिनट पर मां से मिलने घर पहुंचे. उन्होंने अपनी मां के साथ लगभग आधे घंटे का वक्त बिताया. इस दौरान प्रधानमंत्री ने घर के बाकी सदस्यों से भी मुलाकात कर उनका हाल-चाल पूछा.

इसके बाद वो यहां से हजीरा के लिए निकल गए. पीएम मोदी आज हजीरा में देश में बनी होवित्जर तोप के-9 वज्र देश को सौपेंगे.

## चन्द्रयान-2 : 22 मार्च से 30 अप्रैल के बीच लांच किया जाएगा :सिवन

**इस वर्ष इसरो द्वारा 32 मिशनों की योजना बनाई गई**

**युवा प्रतिभा खोज के लिए 'युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम' घोषित**



नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष डॉ. के. सिवन ने कहा है कि चन्द्रयान-2 25 मार्च-30 अप्रैल के बीच लांच किया जाएगा। डॉ. सिवन आज यहां संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इसरो ने इस वर्ष 32 मिशनों की योजना बनाई है। इसरो के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि इनमें गगनयान परियोजना, विद्यार्थियों तक पहुंचना, पहुंच कार्यक्रम, इस वर्ष के नियोजित मिशन और विक्रम साराभाई शताब्दी समारोह है। पहुंच कार्यक्रमों की चर्चा करते हुए डॉ. सिवन ने कहा कि इस वर्ष इसरो ने विद्यार्थियों के साथ संवाद कार्यक्रम प्रारंभ किया है, जिसमें अपने मुख्यालय से बाहर रहने के दौरान इसरो अध्यक्ष विद्यार्थियों से मिलते हैं और वैज्ञानिक विषयों पर उन के सवालों का जवाब देते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं की ऊर्जा असीमित है और जानने की उनकी क्षमता अनन्त है। इसरो ने पहली बार वैज्ञानिक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने और देश में वैज्ञानिकों के पूल को बढ़ाने के लिए युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम की घोषणा की है।

## आरोपी ने दो महीने पहले लिख दी थी कत्लेआम की स्क्रिप्ट!




नई दिल्ली (आरएनएस)। पश्चिमी दिल्ली के ख्याला में पानी की बोतल गिरने को लेकर हुई कहासुनी और फिर बुधवार को हुई हत्याकांड ने इलाके के लोगों को दहलाकर रख दिया है।

बुधवार शाम गली में जो कत्लेआम हुआ, उसे देख-सुनकर हर कोई कांप उठा। आरोपी ने पहले अपने पड़ोसी सुनीता की हत्या कर दी और फिर छुरे के हमले में घायल सुनीता का पति वीरू ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। उनके बेटे आकाश की हालत अभी भी गंभीर है। मां-बाप की मौत से परिवार में सिर्फ छह साल की बच्ची खुशी, 10 साल का अमन और 17 साल का आकाश रह गए हैं।

कत्लेआम की सबसे अहम चश्मदीद वीरू की बड़ी बेटी 19 साल की खुशबू शादीशुदा है। हत्या की इकलौती चश्मदीद पीड़ित परिवार की शादीशुदा बेटी ही है। रो-रोकर उसका हाल भी बुरा हो चुका है। बता दें कि पानी की बोतल गिरने के मामूली विवाद पर बुधवार शाम आरोपी शख्स की पड़ोसियों से कहासुनी इतनी बढ़ गई कि उसने पड़ोस में रहने वाले वीरू, उसकी पत्नी सुनीता और बेटे आकाश पर चाकू से हमला कर दिया था।

खुशबू की ससुराल आगरा में है। 5 महीने की गर्भवती हैं। खुशबू रविवार को ही मायके आई थीं। वीरू के परिवार को मारने की स्क्रिप्ट आरोपी 2 महीने पहले ही लिख चुका था। वजह थी कोल्डड्रिंक की एक बोतल। उस दिन वीरू की सबसे छोटी बेटी खुशी और 11 साल का अमन छत पर खेल रहे थे।

## दिल्ली में कांग्रेस-आप में गठबंधन नहीं, भाजपा के लिए मौका



नई दिल्ली (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव-2019 में कांग्रेस के साथ गठबंधन की चर्चाओं को खत्म करते हुए शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली और पंजाब में अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी। इसके साथ ही दिल्ली में लोकसभा चुनाव में त्रिकोणीय संघर्ष होना तय हो गया है। भाजपा के लिए यह घोषणा मनोबल बढ़ाने वाला माना जा रहा है क्योंकि अगर आप और कांग्रेस मिलकर चुनाव लड़ते तो एकजुट विपक्ष की ताकत के सामने भाजपा के लिए मुश्किल खड़ी हो सकती थी। बीजेपी त्रिकोणीय संघर्ष को मौके के तौर पर देख रही है।

**2015 चुनाव में आप को मिला था प्रचंड बहुमत**

2015 के विधानसभा चुनाव में आप को 54 फीसदी वोट मिले थे। हालांकि, 2017 के नगर निगम चुनाव में आप का वोट प्रतिशत घटकर 26त्न पहुंच गया जबकि बीजेपी को 37 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं, कांग्रेस वोट प्रतिशत 10 फीसदी से बढ़कर 21 प्रतिशत हो गया था। अगर आप और कांग्रेस मिलकर चुनाव लड़ते तो बीजेपी के लिए मुश्किल स्थिति पैदा हो जाती।

**आप ने कांग्रेस को बताया अहंकारी**

आप ने कांग्रेस को अहंकारी बताते हुए दिल्ली, पंजाब और हरियाणा में अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा की है। हालांकि पिछले साल दिसंबर से ही आप और कांग्रेस के बीच गठबंधन की बात खटाई में पड़ गई थी। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद शीला दीक्षित ने भी साफ किया था कि आप से कोई गठबंधन नहीं होगा। आप सरकार द्वारा दिल्ली विधानसभा में पूर्व पीएम राजीव गांधी से भारत रत्न वापसी वाले प्रस्ताव ने गठबंधन की बात पूरी तरह बिगाड़ दी थी। दिल्ली की पूर्व सीएम शीला ने इस प्रस्ताव का विरोध किया था और कहा था कि दिल्ली की सत्तारूढ़ दल भरोसेमंद नहीं है।

**तीन राज्यों में चुनावी जीत से कांग्रेस का मनोबल बढ़ा**

आप के उदय में कांग्रेस के वोटों का बिखराव था। हालांकि अभी भी कांग्रेस की स्थिति में ज्यादा सुधार नहीं दिख रहा है लेकिन मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में पार्टी की जीत से मनोबल बढ़ा है।

## लालू को 28 जनवरी तक मिली राहत, अगली सुनवाई 11 फरवरी को

**आईआरसीटीसी टेंडर घोटाला**

नई दिल्ली (आरएनएस)। रेलवे टेंडर घोटला में 28 जनवरी तक के लिए राष्ट्रीय जनता दल (आजेडी) के नेता लालू प्रसाद यादव को राहत मिल गयी है। इस मामले की अगली सुनवाई 11 फरवरी को होगी। आईआरसीटीसी टेंडर घोटाला मामले में दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में शनिवार को सुनवाई हुई। जिसमें अदालत ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के मुखिया



लालू प्रसाद यादव की अंतरिम जमानत अवधि 28 जनवरी तक के लिए बढ़ा दी है। सीबीआई ने इस मामले में लालू, तेजस्वी यादव और राबड़ी देवी सहित कई अन्य लोगों को आरोपी बनाया है। अदालत में आज प्रवर्तन निदेशालय ने अपना जवाब दाखिल किया और सभी आरोपियों को नियमित तौर पर मिलने वाली जमानत पर विरोध दर्ज कराया।

अदालत 28 जनवरी को सभी आरोपियों की नियमित जमानत पर आदेश पारित करेगी। यह दोनों मामले सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय की ओर से दायर किए गए हैं।

## इस्पात संयंत्र में लगी भीषण आग



विशाखापट्टनम (आरएनएस)। विशाखापट्टनम इस्पात संयंत्र में शुक्रवार को भट्ठी में धमाका होने से आग लग गई।

आग हालांकि ज्यादा नहीं फैल पाई। संयंत्र की तरफ से यहां जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि इस हादसे में कोई जख्मी नहीं हुआ और न ही उपकरणों को किसी तरह का नुकसान हुआ है। संयंत्र की ब्लास्ट फर्नेस-3 की एक ट्यूब में सुबह करीब नौ बजे धमाका हुआ जिससे मामूली आग लग गई।

## साल का पहला पूर्ण चन्द्र ग्रहण 21 जनवरी को



नई दिल्ली (आरएनएस)। 21 जनवरी को इस साल का पहला पूर्ण चन्द्र ग्रहण होगेगा। नए साल 2019 के पहले हफ्ते में ही इस बार सूर्य ग्रहण हुआ और अभी महीना खत्म भी नहीं हुआ है कि पूर्ण चंद्रग्रहण पड़ने जा रहा है। वही इस चंद्रग्रहण को काफी खास भी माना जा रहा है क्योंकि वैज्ञानिक नजरिए से इसे सुपर ब्लड मून का नाम दिया गया है। कहा जा रहा है कि इस चंद्र ग्रहण में चांद बाकी दिनों के मुकाबले 14 फीसदी बड़ा और 30 फीसदी ज्यादा चमकीला नजर आता है। यही कारण है कि चांद सुर्ख लाल रंग का नजर आता है। वही रात को अंधेरे में ये नजारा बेहद ही अद्भुत नजर आता है। यही कारण है कि इसे ब्लड मून कहा जाता है। भारतीय समयानुसार ये चंद्रग्रहण सुबह 10.11 बजे से शुरू होगा और तकरीबन 1 घंटा यानि 11.12 बजे तक रहेगा। कहा जाता है कि जब चंद्रमा, पृथ्वी और सूर्य जब एक ही लाइन में आ जाते हैं और जब चांद पर पृथ्वी की प्रच्छाया पड़ती है तब चंद्रग्रहण होता है। वही ग्रहण से पहले सूतक काल 12 घंटे पहले ही शुरू हो जाता है।

## शिवराज और कमलनाथ के बीच लेटर वार



भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के मालवा अंचल में दो दिनों में हुई दो हत्याओं ने राज्य में कानून-व्यवस्था पर सवाल उठा दिए हैं। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपराधियों के बढ़ते मनोबल पर चिंता जताते हुए नई सरकार पर निशाना साधा है। वहीं दूसरी ओर राज्य के नए मुख्यमंत्री कमलनाथ ने अपराधियों को किसी तरह की रियायत न देने का भरोसा दिलाया है। इंदौर में बुधवार की रात कारोबारी संदीप अग्रवाल और गुरुवार की रात को मंदसौर में नगर पालिकाध्यक्ष व बीजेपी नेता प्रहलाद बंधवार की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

राज्य की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाने वाली इन दोनों घटनाओं को लेकर राजनीति तेज हो गई है। पूर्व मुख्यमंत्री और बीजेपी नेता शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री कमलनाथ को पत्र लिखकर इंदौर में संदीप अग्रवाल और मंदसौर में जनप्रतिनिधि बंधवार की हत्या को राज्य की लचर कानून-व्यवस्था को दर्शाने वाला बताया। चौहान ने आरोप लगाया कि राज्य में कांग्रेस की सरकार आते ही आपराधिक तत्वों को राजनीतिक संरक्षण मिलना प्रारंभ हो गया है, अपराधियों के हौसले बुलंद और पुलिस के हौसले ध्वस्त हैं। पूर्व मुख्यमंत्री के पत्र के जवाब मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भी एक पत्र जारी किया है। अपने पत्र में कमलनाथ ने कहा है कि पुलिस प्रशासन को कार्रवाई के सख्त निर्देश दिए गए हैं ताकि दोनों घटनाओं की जांच जल्द पूरे कर आरोपियों को गिरफ्तार कर पूरे मामले का जल्द से जल्द खुलासा किया जाए।

## इस बार गणतंत्र दिवस परेड में शामिल नहीं होंगे 20 बहादुर बच्चे



नई दिल्ली (आरएनएस)। गणतंत्र दिवस परेड कार्यक्रम पर इस बार 20 बहादुर बच्चे कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाएंगे। केंद्र सरकार ने 1957 से 20 बहादुर बच्चों को सम्मानित करने वाले एनजीओ इंडियन काउंसिल फॉर चाइल्ड वेलफेयर (आईसीसीडब्लू) से खुद को अलग कर लिया है। इसी एनजीओ की ओर से हर साल 20 साहसी बच्चों को सम्मानित किया जाता है।

महिला और बाल विकास मंत्रालय का कहना है कि एनजीओ पर कुछ वित्तीय अनियमितताओं के आरोप हैं और दिल्ली हाई कोर्ट में इसकी जांच चल रही है। मंत्रालय की तरफ से यह भी स्पष्ट किया गया कि केंद्र सरकार ने अपने नए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार अवॉर्ड शुरू किए गए हैं, जिसके लिए पहले से ही 26 बच्चे चुने जा चुके हैं। एनजीओ की तरफ से जिन बच्चों को अवॉर्ड मिल रहा है, वो इस बार गणतंत्र दिवस परेड कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाएंगे। इन बच्चों को इसकी काफी निराशा भी है। एनजीओ के पास भी इस बात की कोई योजना नहीं है कि इन बच्चों को कैसे सम्मानित किया जाएगा।

## हवा में टकराए दो फाइटर जेट, पायलट सुरक्षित

मॉस्को (आरएनएस)। रूस के सुदूर पूर्वी हिस्से में शुक्रवार को हवा दो फाइटर जेट की टक्कर हो गई। सेना ने एक बयान में बताया कि दो सु-34 विमान प्रशिक्षण उड़ान पर थे, उसी दौरान सी ऑफ जापान के तट से करीब 35 किलोमीटर दूर आसमान में उनकी टक्कर हो गई।

हालांकि, दोनों ही जेट के चालक दल के सदस्य दुर्घटना से पहले विमान से बाहर निकल गए थे।

## अब आईआरसीटीसी की वेबसाइट से टिकट बुक नहीं कर पाएंगे ये यूजर्स

नई दिल्ली (आरएनएस)। वो यूजर्स जो अभी तक विंडोज़- एक्सपी और माइक्रोसॉफ्ट सर्वर 2003 का इस्तेमाल करते है वह भारतीय रेल की ऑफिशियल वेबसाइट आईआरसीटीसी की वेबसाइट से टिकट बुक नहीं पाएंगे। क्योंकि आईआरसीटीसी की वेबसाइट को टीएलएस 1.1 और टीएलएस1.2 में माइग्रेट कर दिया गया है जिस कारण पुराने ऑपरेटिंग सिस्टम पर अब टिकट बुक नहीं होगा। दरअसल, पुराने ऑपरेटिंग सिस्टम पर टिकट बुकिंग बंद करने की वजह यह है कि सारे यूजर्स टिकट बुक करने के लिए ऑनलाइन ट्रांजैक्शन करते है जिसके लिए डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग, क्रेडिट कार्ड या मोबाइल वॉलेट का इस्तेमाल होता है, ये सभी ऑनलाइन ट्रांजैक्शन सुरक्षित हो सके, इसके लिए आईआरसीटीसी ने यह कदम उठाया है। जानकारी के लिए बता दें विंडोज सर्वर 2012, विंडोज सर्वर 2012 आर2 और विंडोज सर्वर 2016 पर आईआरसीटीसी की अपग्रेडेट वेबसाइट काम करेगी।

## 13 दिनों के भीतर स्वाइन फ्लू के हुए 168 मरीज



नई दिल्ली (आरएनएस)। राजधानी में जनवरी में 13 दिनों के अंदर स्वाइन फ्लू के 168 मरीजों की पुष्टि होने के बाद दिल्ली सरकार के डायरेक्टर जनरल हेल्थ सर्विसेज की तरफ से एक एडवाइजरी जारी की गई है और लोगों से बचाव पर अमल करने की मांग की गई है। एडवाइजरी के अनुसार स्वाइन फ्लू सांस से जुड़ी बीमारी है, इसका वायरस हवा में एक जगह से दूसरी जगह तक जा सकता है, बीमार व्यक्ति के छूने से दूसरे को बीमारी हो सकती है, छींकने पर यह इसके वायरस हवा में फैल जाते हैं और आसपास मौजूद लोगों को भी अपना शिकार बना सकते हैं। अगर मरीज दरवाजे, फोन, कीबोर्ड, रिमोट कंट्रोल को छूता है, तो यह वायरस इससे दूसरे में फैल सकता है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### राजधानी के पास झड़पों में 10 लोगों की मौत

त्रिपोली (आरएनएस)। लीबिया की राजधानी त्रिपोली के समीप दो प्रतिद्वंद्वी मिलिशिया गुटों के बीच दो दिन चली झड़पों में 10 लोगों की मौत हो गई और 41 लोग घायल हो गए। स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

### बहन से वीडियो चैट के दौरान इजरायली छात्रा की हत्या

कैनबरा (आरएनएस)। ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न शहर में एक इजरायली छात्रा की उस समय हत्या कर दी गई जब वह अपनी बहन से वीडियो चैट कर रही थी। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

### ईंधन पाइपलाइन में आग लगने से 20 लोगों की मौत, 54 घायल

मेक्सिको सिटी (आरएनएस)। मध्य मेक्सिको में ईंधन के एक पाइपलाइन में भीषण आग लगने से 20 लोगों की मौत हो गई जबकि अन्य 54 लोग घायल हो गए। उक्त जानकारी देते हुए अधिकारियों ने बताया कि पाइपलाइन में रिसाव हो रहा था। हिडाल्गो के गवर्नर उमर फयाद ने बताया कि स्थानीय लोग लीक पाइपलाइन से तेल चुराने के लिए वहां जमा थे तभी आग लग गई। कम से कम 20 लोगों की जलकर मौत हो गई। फयाद ने स्थानीय टीवी 'फारो' से कहा, ''मुझे बताया गया है कि 20 लोगों की जलकर मौत हो गई और अन्य 54 लोगों का इलाज जारी है।''

### अमेरिका ने की ईरानी पत्रकार की गिरफ्तारी की पुष्टि

वाशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिका की एक अदालत ने ईरानी टेलीविजन की एक महिला पत्रकार की गिरफ्तारी की शुक्रवार को पुष्टि करते हुए कहा कि वह किसी मामले में आरोपी नहीं हैं बल्कि एक विशेष मामले में उनकी गवाही की जरूरत है। ईरान ने मर्जी हाशमी की गिरफ्तारी पर विरोध जताया है। हाशमी का जन्म अमेरिका में हुआ और वह ईरान के अंग्रेजी भाषी 'प्रेस टीवी' में प्रस्तोता हैं। हाशमी की गिरफ्तरी ऐसे वक्त में हुई है जब अमेरिका और ईरान के बीच संबंध बेहद तनावपूर्ण हैं।

### अपने मुद्दों को सुलझाने के लिए सार्थक बातचीत करें भारत-पाकिस्तान : गुतारेस

संयुक्त राष्ट्र (आरएनएस)। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने शुक्रवार को उम्मीद जताई कि भारत और पाकिस्तान आपसी मुद्दों को सुलझाने के लिए अर्थपूर्ण बातचीत करेंगे। न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में गुतारेस ने संवाददाताओं को बताया कि वह, दोनों देशों के बीच संवाद के लिए भरपूर मदद की पेशकश कर रहे हैं।

### ट्रेन चलाने का काम निजी कंपनियों को सौंप सकती है सरकार

**रेलवे बोर्ड के सदस्य का दावा**

नई दिल्ली (आरएनएस)। केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ट्रेन चलाने का जिम्मा प्राइवेट कंपनियों को सौंपने की सोच रही है। सूत्र बताते हैं कि सबकुछ ठीक रहा तो इसी वित्तीय सत्र में सरकार इस दिशा में पहल कर देगी। अमेरिका में वैगन और कंटेनर सेवाओं का केवल 25 फीसदी ही रेल ऑपरेटर के पास है, बाकी का 75 फीसदी प्राइवेट सेक्टर के पास है। वहीं रूस में इन सेवाओं में सरकार का कोई दखल नहीं है।

### जहरीला साग खाने से तीन सगे भाइयों की मौत

गोण्डा (आरएनएस)। देवीपाटन मण्डल के श्रावस्ती जिले में जहरीला साग खाने से तीन सगे भाइयों की मौत हो गयी। परिक्षेत्रीय पुलिस उपमहानिरीक्षक राकेश सिंह ने शुक्रवार को बताया कि जिले के भिनगा थाना क्षेत्र में मदरहवा निवासी राम गोपाल की पत्नी गुरुवार को गांव के ही एक व्यक्ति के खेत से सरसों का साग लेकर आयी थी।